आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 16.03.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- चम्पावत जिले के टनकपुर में उत्तर भारत के प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।
- वैश्विक वित्तीय कम्पनी मॉर्गन स्टेनली ने कहा है भारत वर्ष 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
- प्रदेश में चार धाम यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की।

**पूर्णागिरी मेला**

चम्पावत जिले के टनकपुर में उत्तर भारत का प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी का मेला शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले को वर्षभर संचालित करने और स्थायी बुनियादी ढांचे के विकास की प्रतिबद्धता जताई।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मेले में भीड़ और आपदा प्रबंधन के लिए ठूलीगाड़ में स्मार्ट कंट्रोल रूम और सीसीटीवी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, सेलागाड़ में बहुउद्देशीय प्रशासनिक भवन बनाया जाएगा, जिसमें मेला मजिस्ट्रेट, मेला अधिकारी, पुलिस और चिकित्सकों के लिए एकीकृत कार्यस्थल होगा। उन्होंने लादीगाड़ में पूर्णागिरि पंपिंग पेयजल योजना और ठूलीगाड़–बाबलीगाड़ पंपिंग परियोजना की भी घोषणा की। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार मां पूर्णागिरि धाम को एक प्रमुख आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं के प्रमुख मंदिरों का सौंदर्यीकरण और मार्ग चौड़ीकरण किया जाएगा। उन्होंने पूर्णागिरि में रोपवे निर्माण कार्य की भी जानकारी दी, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

**आर.बी.आई**

भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्रिटेन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड 2025 के लिए चुना गया है। केंद्रीय बैंक को प्रवाह और सारथी नाम की डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया है। इन्हें बैंक की इन–हाउस टीम द्वारा विकसित किया गया था। पुरस्कार समिति ने कहा है कि इन डिजिटल पहलों से कागज़ के इस्तेमाल में कमी आई है।

**अंतर्राश्ट्रीय योग महोत्सव संपन्न**

ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव–2025 सम्पन्न हुआ। महोत्सव में 75 देशों से पन्द्रह सौ से अधिक योग साधकों ने भाग लिया। सामापन अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि गंगा तट पर आयोजित यह अनूठा योग समागम न केवल भारत और उत्तराखंड की प्राचीन परंपरा का प्रतीक है, बल्कि योग के वैश्विक प्रभाव को भी दर्शाता है। योग साधकों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे योग के ब्रांड एम्बेसडर हैं और इसका विश्वभर में प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

**स्वास्थ्य जागरूकता**

केंदीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए टिहरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सांस्कृतिक दलों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सुर सरिता सांस्कृतिक दल ने जिला अस्पताल में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को कन्या भ्रूण हत्या, एचआईवी और जननी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

टिहरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए गोष्ठियों, जागरूकता कार्यक्रमों और नुक्कड़ नाटकों को प्रभावी माध्यम बनाया जा रहा है। साथ ही, समाज में फैली स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों को दूर करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

सुर सरिता दल के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि बेटी नहीं बचेगी, तो जीवन आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने बेटियों को सशक्त बनाने और समाज में उन्हें सम्मान देने की अपील की।

**ऑनलाइन नामांकन शुरू**

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार हरिद्वार, उधमसिंह नगर, नैनीताल और चम्पावत को छोड़कर राज्य के अन्य हिस्सों में आज बारिश हो सकती है। विभाग ने राज्य के तीन हजार दो सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी का अनुमान भी जताया है। इस बीच, पिछले दो दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई, जिसके चलते तापमान में हल्की गिरावट भी दर्ज की गई है।

**चारधाम यात्रा**

प्रदेश में चार धाम यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा को सकुशल व सुरक्षित संपन्न कराने के लिए प्रशासन शासन अलर्ट हो गया है। यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ने हो इसके लिए मार्गों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एचओडी राजेश चंद शर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्गों को गढ्डा मुक्त किया गया है।

**स्थगित**

चमोली स्थित औली में 16 से 19 मार्च तक प्रस्तावित स्की एंड स्नो बोर्ड की राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता बर्फ कम होने के चलते स्थगित कर दी गई है। विंटर गेम्स एसोसिएशन आफ उत्तराखंड ने चैंपियनशिप स्थगित होने की सूचना सभी राज्यों को दी है। स्की माउंटेनियरिंग के अध्यक्ष अजय भट्ट ने बताया कि अब औली और गोरसों में स्की माउंटेनियरिंग का आयोजन किया जाएगा।

**गणेश जोशी**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कल देहरादून में मसूरी विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को अनारवाला मालसी मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य तत्काल करवाने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने मसूरी शहर में सड़कों की स्थिति को ठीक करने और मोतीलाल नेहरु मार्ग में निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने को कहा।

**मॉर्गन स्टेनली**

वैश्विक वित्तीय कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत वर्ष 2028 तक जर्मनी को पीछे छोडते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था 35 खरब डॉलर की थी और अनुमान है कि 2026 तक यह 47 खरब डॉलर हो जायेगी।

वर्चुअल लैब

प्रदेश में संचालित 71 राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों को अपग्रेड करते हुए इनमें आधुनिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। निदेशक तकनीकी शिक्षा देशराज ने बताया कि इसके तहत इन संस्थानों में स्मार्ट क्लास रूम और वर्चुअल लैब स्थापित की जाएंगी। साथ ही नए क्लास रूम, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय, हॉस्टल, लाइब्रेरी सहित अन्य निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में दस पॉलीटेक्नि संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा।

**गुलदार हमला**

रुद्रप्रयाग जिले में ऊखीमठ ब्लॉक के डामर गांव में एक महिला पर गुलदार ने घात लगाकर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को अगस्त्यमुनि अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

**झंडा मेला**

राजधानी देहरादून स्थित श्री दरबार साहिब में संगतों के पहुंचने का सिलसिला तेज होता जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से विशेष रू॰ से उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। साथ ही मेला क्षेत्र में दुकानों की साज सजावट को लेकर मेला बाजार दुकानदारों के चेहरों पर रौनक है। श्री झंडेजी मेले की प्रबंधन समिति का अनुमान है कि पवित्र श्री झंडे जी के आध्यात्मिक दर्शन का लाभ उठाने के लिए लाखों की संख्या में संगत पहुंचेगे।